भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या **227**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 02 फरवरी, 2024/13 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है।

भारत द्वारा आयातित उर्वरकों की वैश्विक कीमत

227. प्रो. सौगत राय:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में उर्वरकों और उनके कच्चे माल की बढ़ती वैश्विक कीमतों पर ध्यान दिया है;
(ख) यदि हां, तो देश द्वारा आयात किए जाने वाले महत्वपूर्ण उर्वरकों के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या ऐसी मूल्यवृद्धि ने देश में किसानों और कृषि क्षेत्र को प्रभावित किया है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या सरकार ने देश में आवश्यक उर्वरकों की सामान्य मूल्य पर पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं/उठाने का विचार है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री

(भगवंत खुबा)

(क) और (ख): उपलब्ध जानकारी के अनुसार पिछले 12 महीनों के दौरान यूरिया, डीएपी, एमओपी, फॉस्फोरिक एसिड, रॉक फास्फेट, अमोनिया तथा सल्फर की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट का रूझान देखा गया है। उर्वरकों की वैश्विक कीमतों का रूझान **अनुलग्नक-'क'** पर दिया गया है।

(ग): जी नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

(ड.) और (च): यूरिया एक नियंत्रित उर्वरक है जो किसानों को सांविधिक रूप से अधिसूचित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर उपलब्ध करावाई जाती है। सरकार ने फास्फेटयुक्त एवं पोटाशयुक्त (पीएण्डके) उर्वरकों के लिए दिनांक 01.04.2010 से पोषकतत्व आधारित सब्सिडी नीति (एनबीएस) कार्यान्वित की है। इस नीति के अंतर्गत, पीएण्डके उर्वरकों पर उनकी पोषकतत्व मात्रा के आधार पर वार्षिक/अर्थ-वार्षिक आधार पर तय की गई सब्सिडी, जोकि उर्वरकों के आयात मूल्य तथा अन्य संगत कारकों जैसे देश में पोषकतत्वों की आवश्यकता, उर्वरकों का संतुलित उपयोग, सब्सिडी तथा एमआरपी आदि पर आधारित होती है, की एक नियत राशि प्रदान की जाती है। किसानों को पीएण्डके उर्वरकों की कीमतों की वहनीयता को सुनिश्चित करने के लिए उर्वरकों तथा उनके कच्चे माल की वैश्विक कीमतों की निगरानी की जाती है तथा आवश्यकता के आधार पर सब्सिडी दरों की समीक्षा की जाती है तथा एनबीएस नीति के तहत समय-समय पर अधिसूचित की जाती है।

******

अनुलग्नक-क

दिसम्बर, 2022 से उर्वरकों की औसत अंतरराष्ट्रीय कीमतों का रुझान तथा दिसम्बर 2022 की तुलना में दिसम्बर 2023 में कीमतें इस प्रकार हैं:-

(आंकड़े यूएसडी/एमटी में)

माह	**यूरिया (एफओबी)**	**डीएपी (सीएफआर)**	**एमओपी (सीएफआर)**	**फा. एसिड (सीएफआर)**	**रॉक पोटाश (सीएफआर)**	**अमोनिया (सीएफआर)**	**सल्फर (सीएफआर)**
दिसम्बर, 22	576	723	590	1175	257	1120	198
जनवरी, 23	500	679	590	1175	242	929	161
फरवरी, 23	475	655	590	1050	242	790	147
मार्च, 23	361	609	590	1050	231	559	151
अप्रैल, 23	332	557	422	1050	215	421	122
मई, 23	332	514	422	990	215	370	107
जून, 23	302	468	422	970	210	329	95
जुलाई, 23	282	440	422	970	208	285	90
अगस्त, 23	374	540	422	874	208	314	109
सितम्बर, 23	400	589	371	951	210	436	129
अक्टूबर, 23	403	595	319	985	216	575	131
नवम्बर, 23	402	595	319	985	216	634	111
दिसम्बर, 23	402	595	319	985	217	592	98
दिसम्बर 2022 की तुलना में दिसम्बर, 23 में % बदलाव	**-30.21%**	**-17.70%**	**-45.93%**	**-16.17%**	**-15.56%**	**-47.14%**	**-50.51%**

स्रोत: ऑर्गस एफएमबी मूल्य डाटा